पेज थ्री देहरादून

विस अध्यक्ष से मिलते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत।



देहरादून रविवार 9 अगस्त 2020

# हमारा दून



# महानगर के कांग्रेसियों ने फूंका ऊर्जा विभाग का पुतला

■ यूपीसीएल में हुए 61 करोड़ रूपये के घोटाले की सीबीआई से जांच कराये जाने की मांग

**मांग**

**संवाददाता**

देहरादून। महानगर कांग्रेसजनों ने उत्तराखड़ पॉवर कॉरपोरेशन में हुए 61 करोड़ रूपये के घोटाले के विरोध में महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा के नेतृत्व में ऊर्जा विभाग का पुतला दहन किया गया और इस मामले की सीबीआई से जांच कराये जाने की मांग की है।

महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसजन कांग्रेस भवन के प्रवेश द्वार पर इकटठा हु, और वहां पर ऊर्जा विभाग का पुतला दहन किया। इस अवसर पर लालचन्द शर्मा ने आरोप लगाया कि पॉवर कॉरपोरेशन विभाग द्वारा अपनी चहेती नई दिल्ली स्थित कम्पनी क्रिएट एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड को लाभ पहुंचाने के लिए सारे नियम कायदों को ताक पर रखते हुए विभाग को 61 करोड रूपये का चूना लगाया गया।



उन्होंने बिजली के इस खेल में विभागीय अधिकारियों पर मिली भक्त कर जनता के धन को हड़पने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य के उपभोक्ताओं के लिए खरीदी नई बिजली को उपभोक्ताओं की मांग कम होने के कारण बची हुई बिजली को खुले बाजार में बेच कर जनता की गाडी कमाई को घोटाले की भेंट चढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखड़ विद्युत नियामक आयोग एवं उत्तराखड़ शासन की ओर से बनाई गई नियमावली में हुए अनुबन्ध के अनुसार बेची गई बिजली की धनराशि हर स्थिति में तीन दिन के भीतर पॉवर कॉरपोरेशन में जमा कराना अनिवार्य है तथा ऐसा न करने पर कम्पनी को ब्लैक लिस्टेड किये जाने का नियम है परन्तु विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से इस घोटाले को अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के कारण लगाये गये लॉकडाउन के चलते बिजली की खपत में कई गुना कमी आई तथा बची हुई बिजली को कम्पनी द्वारा खुले बाजार में बेचा गया होगा इसकी भी जांच की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही इस पूरे प्रकरण की ईडी एवं सीबीआई जांच हो और इसमें ऊर्जा निगम एवं पिटकुल अधिकारियों व कर्मचारियों की जांच निश्चित हो।

इस अवसर पर लालचन्द शर्मा ने इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच करवाये जाने तथा दोषी अधिकारियों व कम्पनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही इस मामले में कार्यवाही नहीं की गई तो आंदोलन को तेज किया जायेगा।

# एनएसयूआई का केन्द्र के खिलाफ सत्याग्रह

**प्रदर्शन**

■ कोरोना को देखते हुये सभी छात्रों को प्रमोट कर दिया जाये



देहरादून। **संवाददाता**

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के कार्यकर्ताओ द्वारा डीवी पीजी कॉलेज दून में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये तथा सोशल डिस्टनसिंग का पालन करते हुए प्रदर्शन किया एवं केंद्र सरकार के खिलाफ सत्याग्रह किया गया।

इस अवसर में विकास नेगी ने कहा कि एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी रुचि गुप्ता व राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज कुंदन व उतराखंड प्रभारी सतवीर चौधरी के निर्देश पूरे प्रदेश में भारत छोड़ो आंदोलन की 78वीं वर्षगांठ के अवसर पर इस भयंकर कोरोना महामारी को देखते हुये सभी छात्रों को जनरल प्रमोट कर दिया जाये व छात्रो की छह माह की फीस माफी की जाये।

विकास नेगी ने आगे कहा कि अगर हम डीएवी की बात करें ज्यादातर छात्र मध्यम वर्गीय परिवार या गरीब परिवारों से आते हैं। जिसमें राज्य से बाहर से आने वाले छात्र बहुत अधिक संख्या में है और ऐसे छात्रों को पेपर से पहले अपनी कोरोनावायरस नेगेटिव रिपोर्ट लानी है जोकि लगभग 4500 की है और गढ़वाल विश्वविद्यालय के हिसाब से वह छात्र के दो साल की फीस है।

उन्होंने कहा कि अगर पेपर होने के हालात में किसी कमरे से किसी बच्चे की कोरोना पॉजिटिव होने की सूचना मिलती है तो बाकी बच्चों का क्या किया जाएगा यह पेपर देने की अनुमति दी जाएगी और इस स्थिति पर अभी तक सरकार ने कोई बात नहीं कि है जो बच्चे भारी राज्यों से यह दूसरे जिले से किसी और जिले में पेपर देने आएगे और अगर उन्हें किसी ने अपने घर पर किराए पर नहीं रखा तो क्या सरकार ने यह कॉलेज यूनिवर्सिटी प्रशासन ने उनके रहने का कोई बंदोबस्त किया है।

उन्होंने कहा कि सरकार को चाहि, कि वह अंतिम सेमेस्टर के सभी छात्र छात्राओं को प्रमोट किया जाये अन्यथ आंदोलन को लगातार जारी रखा जायेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने छह महिलाओं को किया सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में तीलू रौतेली पुरस्कार की राशि में बढ़ोतरी का मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने किया एलान किया है। उन्होंने कहा कि अगले साल से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को 31 हजार और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 21 हजार की राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने शनिवार को सचिवालय में तीलू रौतेली की जयंती पर छह महिलाओं को पुरस्कार प्रदान किया। इस दौरान उन्होंन अगले साल तक राशि बढ़ाए जाने की घोषणा की। आपको बता दें कि अभी तक यह राशि 21 और 10 हजार है। इस मौके पर महिला और बाल विकास मंत्री रेखा आर्य भी मौजूद थीं।

### अगस्त क्रांति पर गोष्ठी आज

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री विजय सारस्वत ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि कल 9 अगस्त 'अगस्त क्रान्ति दिवस' के अवसर पर अध्यक्ष प्रीतम सिंह के निर्देश पर समस्त जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को जनपद मुख्यालयों पर अगस्त क्रान्ति दिवस में भाग लेने वाले उन महान स्वतंत्रता सैनानियों को श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए एक गोष्ठी का अयोजन किया जायेगा। सारस्वत ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों को जनपद के वरिष्ठ नेताओं को भी उक्त कार्यक्रम में आमंत्रित करने का निर्देश दिया है।

### विस अध्यक्ष से मिले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत

**संवाददाता** देहरादून । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं कालाढूंगी के विधायक बंशीधर भगत ने विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चंद अग्रवाल से उनके दून स्थित शासकीय आवास पर भेंटवार्ता की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार अपने वेतन सहित वेतन भत्तों से भी 30 प्रतिशत की धनराशि कटौती पर सहमति देते हुए विधानसभा अध्यक्ष को पत्र सौंपा।

### उषा स्वावलंबन सिलाई स्कूल ने उद्यमिता को बढ़ावा देने का दूसरा चरण शुरू किया

**संवाददाता** देहरादून। उषा स्वावलंबन सिलाई स्कूल कार्यक्रम, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) और उषा इन्टरनेशनल लिमिटेड की संयुक्त साझेदारी वाला कार्यक्रम है। आज इसका दूसरा चरण आरम्भ हुआ, जिसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखण्ड के कठिनाई–युक्त आकांक्षी जिलों 700 सिलाई स्कूल स्थापित जाएँगे। पहले की ही तरह, इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य भी गाँव स्तर पर सिलाई–आधारित उद्यम स्थापित करने में महिलाओं को सक्षम बनाना रहेगा।

### बेटे को कोरोना और सदमे से पिता की मौत

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस कोविड 19 को लेकर अभी भी कितनी दहशत बनी हुई है। यह हादसे से उजागर होता है, जहां एक पिता की जान इस डर से चली गई कि उसके बेटे को कोरोना वायरस का संक्रमण हो गया है। यह हादसा प्रशासन के कोरोना संक्रमण को लेकर चलाए जा रहे जागरुकता अभियान पर भी सवाल खड़े करता है और इसके बावजूद भी एक युवक के पिता की जान चली गई। जानकारी के अनुसार सुभाषनगर निवासी एसटीएच में तैनात एक उपनल कर्मचारी के कोरोना पॉजीटिव होने की पुष्टि हुई। इसके बाद उसे एसटीएच में भर्ती कर दिया गया। बेटे के कोरोना पॉजीटिव होने व उसे इलाज के लिए भर्ती करने जानकारी जब उसके बुजुर्ग पिता को मिली तो वह इतना घबरा गए कि ख़बर सुनते ही बेहोश होकर गिर पड़े। इस दौरान बुर्जुग पिता के मुंह से खून निकलने लगा। उन्हें डॉक्टर के पास ले जया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। वहीं, कोरोना के कारण एसटीएच में भर्ती बेटा पिता के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो पाया।

### फ्रंटलाइन कोविड वॉरियर्स को दी सलामी

**संवाददाता** देहरादून। वीरांगना तीलू रौतेली की जयंती पर महिला छात्रावास देहरादून में फ्रंटलाइन कोविड वॉरियर्स ने सलामी दी और उनके कार्यों की प्रशंसा की। दून में कोरोना महामारी की लड़ाई लड़ रहे फ्रंटलाइन कोरोना वायरर्स 5 माह से 24 घंटे देहरादून में सैम्पलिंग टीम मैं काम कर रहे हैं और सभी पॉजिटिव मरीजों के सैंपल ले रहे हैं व अपने परिवार–बच्चो से दूर रहकर होटल मे रह रहे है जबकि यह उच्च जोखिम का कार्य है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आज उत्तराखंड की वीरांगना तीलू रौतेली के जयंती पर याद किया और उनके कार्यों को नमन किया गया। इस अवसर पर कोरोना वॉरियर प्रेमलाल भट्ट, अरविंद तोपवाल,डी–पी–भट्ट, मनीष बिष्ट, वीरेन्द्र रावत, रिता आदि उपस्थित थे।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालय:**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।